प्रेस नोट

दिनांक 14.09.2020

पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिंह के निर्देशन में जनपद में गठित एएचटीयू टीम द्वारा 04 बाल श्रमिकों को किया गया रेस्क्यू।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री दिनेश सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री दयाराम सरोज के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गौरीगंज/नोडल अधिकारी एएचटीयू जनपद अमेठी श्री अर्पित कपूर के कुशल नेतृत्व में **"नो चाइल्ड लेबर अभियान"** के तहत बाल श्रम रोकने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.09.2020 को प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू रामराज सरोज व श्रीमती शशिकला श्रम प्रवर्तन अधिकारी जनपद अमेठी द्वारा जनपद में गठित टीम के साथ थानाक्षेत्र अमेठी व मुंशीगंज में ईंट भट्ठा ,ढाबा, होटल, दुकान आदि पर बाल श्रमिकों को तलाश करते हुए क्षेत्र के लोगों/अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा एवं पुनर्वास हेतु जागरूक किया गया।

इस दौरान बाल श्रमिक 1. शहबाज पुत्र मुस्ताक अहमद को सुनील कमानी हाउस मुंशीगंज रोड अमेठी से 2. जमशेर अली पुत्र वारिस को अमन विक्रम सर्विस सेन्टर मुंशीगंज रोड अमेठी से 3. अरमान पुत्र शमसेर अली 4. गुलफाम पुत्र जमील अहमद को न्यू आधुनिक आटो गौरेज सुल्तानपुर रोड कस्बा मुंशीगंज से , कुल 04 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू कर उनके अभिभावकों को सुपुर्द किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

रेस्क्यू किये गये बाल श्रमिकों का विवरण-

1. शहबाज पुत्र मुस्ताक अहमद नि0 टीकरमाफी थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।
2. जमशेर अली पुत्र वारिस अली नि0 ढ़ेपसरा थाना व जनपद अमेठी।
3. अरमान पुत्र शमसेर अली नि0 नेवढ़िया थाना मुंशीगंज
4. गुलफाम पुत्र जमील अहमद नि0 घुसियांवा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी

रेस्क्यू टीम का विवरण-

1. नि0 रामराज सरोज प्रभारी एएचटीयू अमेठी।
2. श्रीमती शशिकला श्रम प्रवर्तन अधिकारी जनपद अमेठी।
3. हे0का0 उदयभान सिंह जनपद अमेठी।
4. का0 शिवकुमार जनपद अमेठी।
5. का0 ओमप्रकाश जनपद अमेठी।

PRESS NOTE